पी एम श्री के. वि. मनौरी में व्यावसायिक प्रयोगशाला का शिलान्यास

नई शिक्षा नीति 2020 के तत्वाधान में उन्नत और विकसित भारत के निर्माण के लिए विद्यालय में समावेशी और कौशल पूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक नवीन पहल करते हुए पी एम श्री योजना के अंतर्गत आज दिनांक 6 नवंबर 2024 को प्राचार्य श्री मनीष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायु सेवा स्थल मनोरी में छात्रों के लिए व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा हेतु एक व्यावसायिक प्रयोगशाला का शिलान्यास किया गया ।व्यावसायिक प्रयोगशाला के निर्माण हेतु आयोजित भूमि पूजन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य श्री मनीष कुमार त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि श्री अंगशुक पाल ए.ओ.सी. 24 ई.डी. मनौरी, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने श्री अजीत सिंह के नेतृत्व में मुख्य अतिथि को स्काउट और गाइड सम्मान दिया। दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अतिथि श्री अंगशुक पाल ए.ओ.सी. 24 ई.डी. मनौरी और प्राचार्य महोदय ने पूरे विधि विधान के साथ व्यावसायिक प्रयोगशाला हेतु भूमि पूजन कर नींव की ईंट रखी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यालय के प्राचार्य श्री मनीष कुमार त्रिपाठी की भूरि भूरि प्रशंसा की और व्यावसायिक प्रयोगशाला के निर्माण हेतु बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला स्कूली शिक्षा के स्तर पर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री मनीष कुमार त्रिपाठी ने व्यावसायिक प्रयोगशाला परियोजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला छात्रों को पारंपरिक ज्ञान के साथ प्रत्यक्ष अनुभव और अवलोकन कर सीखने के नए अवसर प्रदान करेगी, जो उन्हें रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के साथ-साथ अनुसंधान के नए रास्तों पर जाने के लिए प्रेरित करेगी । यह प्रयोगशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पीएम श्री योजना के मानकों को मूर्त रूप प्रदान करेगी ।उन्होंने मुख्य अतिथि महोदय का आभार ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संयोजक श्री जी डी पाण्डेय के साथ समस्त विद्यालय को बधाई दी।